

# ज़ामा बहुत अच्छी है


Michael Oguttu

Vusi Malindi

Tanvi Sirari

2

हिन्दी hi




मेरा छोटा भाई बहुत देर तक सोता है। मैं जल्दी उठती हूँ, क्योंकि मैं बहुत अच्छी हूँ।




मैं धूप को अंदर आने देती हूँ।




“तुम मेरी आँखों का तारा हो,” माँ कहती हैं।




मैं अपने आप नहा लेती हूँ, मुझे मदद की ज़रूरत नहीं है।



मैं ठंडे पानी और बदबूदार साबुन को सह लेती हूँ।



माँ याद दिलाती हैं, “दाँत साफ़ करना मत भूलना।” मैं जवाब देती हूँ, “मैं कभी नहीं भूलती।”




नहाने के बाद मैं दादा और दादी को प्रणाम करती हूँ।




फिर मैं कपड़े पहनती हूँ, “माँ मैं अब बड़ी हो गई हूँ,” मैंने कहा।




मैं अपने बटन बंद कर सकती हूँ और फ़ीते बाँध सकती हूँ।



और मैं अपने छोटे भाई को स्कूल की सारी बातें बताती हूँ।




मैं कक्षा में बहुत मेहनत करती हूँ।



मैं हर रोज़ ये सभी अच्छे काम करती हूँ। लेकिन मुझे खेलना और सिर्फ खेलना ही सबसे ज़्यादा पसंद है।

# Global Storybooks

globalstorybooks.net

## ज़ामा बहुत अच्छी है


Michael Oguttu
Vusi Malindi
Tanvi Sirari